बिहार सरकार

उद्योग निदेशालय, बिहार, पटना।

पत्रांक 3508 /

सं०सं०–03 / उ०नि० / भवन नि०(जि०उ०के०)शेखपुरा–01 / 10

प्रेषक,

उद्योग निदेशक,
बिहार, पटना।

सेवा में,

मुख्य प्रबंधक,
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि०, पटना।

पटना, दिनांक 20/11/17

विषय :– जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन निर्माण हेतु चयनित भुखण्ड के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक महाप्रबंधक, जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के पत्रांक–304, दिनांक–26.09.2017 एवं समाहरणालय, शेखपुरा (राजस्व शाखा) के पत्रांक–845 / रा0, दिनांक–20.09.2017 (अनु0 सहित) इस पत्र के साथ संलग्न कर आवश्यक कार्यार्थ हेतु प्रेषित।

विश्वासभाजन,

उद्योग निदेशक,
बिहार, पटना।
17.11.17

अनु0:–यथोक्त।

G.M. (South)

20/11/17

ज्ञापांक – 3497 (3-70) दिनांक 25-11-17

# समाहरणालय, शेखपुरा

(राजस्व शाखा)

पत्रांक 845 /रा0

प्रेषक,

अपर समाहर्त्ता,
शेखपुरा।

सेवा में,

महाप्रबंधक,
जिला उद्योग केन्द्र,
शेखपुरा।

शेखपुरा, दिनांक 20.09.17 /

विषय :— जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन निर्माण हेतु भूखण्ड के संबंध में।

प्रसंग :— आपका पत्रांक 286, दिनांक 07.09.2017

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संबंध में कहना है कि जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन निर्माण हेतु जिला पदाधिकारी, शेखपुरा की अध्यक्षता में दिनांक 20.07.2017 को आयोजित जिला स्तरीय स्थल चयन समिति, शेखपुरा की बैठक में जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के निर्माण हेतु स्थल के चयन पर सर्वसम्मति से सहमति प्रदान किया गया है।

सुलभ प्रसंग हेतु जिला स्थल चयन समिति, शेखपुरा द्वारा पारित स्थल चयन संबंधी कार्यवाही की प्रति ज्ञापांक 17 (मु0)/रा0, दिनांक 20.07.2017 संलग्न है।

विश्वासभाजन

अनु0—यथोक्त।

20/9/17
अपर समाहर्त्ता,
शेखपुरा

D:\2017\September 2017\19-09-2017.docx-5

181

# कार्यालय महाप्रबंधक जिला उधोग केन्द्र, शेखपुरा ।

पत्रांक 304 शेखपुरा, दिनांक 26.09.2017

प्रेषक,

महाप्रबंधक
जिला उधोग केन्द्र,
शेखपुरा ।

DDI (A.M)

सेवा में,

निबंधित

उधोग निदेशक,
उधोग निदेशालय,
बिहार, पटना ।

3475
3-10-17

विषयः– जिला उधोग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन हेतु भू–खण्ड के संबंध में ।

महाशय,

उपर्युक्त विषयक अध्यक्ष जिला स्तरीय स्थल चयन समिति –सह– जिला पदाधिकारी शेखपुरा की अध्यक्षता में दिनांक 20.07.17 को आयोजित जिला स्तरीय स्थल चयन समिति की कार्यवाही की छायाप्रति संलग्न करते हुए कहना है कि निम्नांकित ब्योरे की भूमि पर जिला उधोग कैन्द्र, के कार्यालय भवन निर्माण हेतु जिला स्थल चयन समिति द्वारा सर्वसम्मति सहमति प्रदान की गई है ।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | अंचल | शेखपुरा |
| 2 | मौजा | मकदुमपुर |
| 3 | थाना | 174 |
| 4 | खाता | 33 / 107 |
| 5 | खेसरा | 152 / 154 |
| 6 | रकवा | 13 डी0 |

अतः अनुरोध है कि शीघ्रातिशीघ्र जिला स्तरीय चयन समिति –सह– जिला पदाधिकारी, द्वारा आंवटित भूखण्ड पर जिला उधोग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन निर्माण हेतु कार्यारम्भ कराने की कृपा की जाय। ताकि भवन निर्माण हो सके ।

विश्वासभाजन
26/9/17
महाप्रबंधक
जिला उधोग केन्द्र,
शेखपुरा।

No - 6118
04/10/2017

प्र0 प0 410 (03)
06/10/17

9/10/17

2219/P.3
9.10.17

## श्री दिनेश कुमार, भा0प्र0से0, जिला पदाधिकारी, शेखपुरा की अध्यक्षता में दिनांक 20.07.2017 को आयोजित जिला स्तरीय स्थल चयन समिति की बैठक की कार्यवाही :–

**उपस्थिति** – यथा उपस्थिति पंजी में दर्ज।

सर्वप्रथम बैठक में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का स्वागत करते हुए बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गई।

1. **केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना** :– केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु के0वि0स0 के नार्म्स के अनुसार शहरी क्षेत्र के लिए आवश्यक 8.00 एकड़ भूमि उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 1372 दिनांक 09.12.16 से चिन्हित 8.00 ए0 भूमि में से राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 524 दिनांक 02.07.2014 के आलोक में निम्नांकित ब्यौरे की 4.00 ए0 भूमि का चयन सर्वसम्मति से किया जाता है :–

| अंचल का नाम | मौजा/थाना | खाता | खेसरा | रकवा | किस्म | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शेखपुरा | हसनगंज/175 | 42 | 129 | 4.00 ए0 | गैरमजरूआ मालिक किस्म पहाड़ खतियान में दर्ज। | उ0– अंश भाग पहाड़ परती<br>द0– नवसृजित रास्ता अंश भाग पहाड़<br>पू0– अंश भाग पहाड़<br>प0– लघु सिंचाई प्रमंडल का कार्यालय भवन निर्मित। |

जिला स्तरीय स्थल चयन समिति सर्वसम्मति से उपर्युक्त भूमि का चयन केन्द्रीय विद्यालय, शेखपुरा के लिए करते हुए निर्णय लेती है कि सरकार से पत्र प्राप्त होने के उपरांत इस संबंध में अग्रेत्तर कार्रवाई की जायेगी। तत्काल आज की बैठक में लिये गये निर्णय से केन्द्रीय विद्यालय संगठन, पटना को अवगत करा दिया जाय।

2. **जिला निबंधन –सह– परामर्श केन्द्र** :– प्रधान सचिव, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 4119 (भ) दिनांक 09.05.16 एवं प्रधान सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना के ज्ञापांक 2493/यो0वि0 दिनांक 17.05.16 से मुख्य मंत्री सात निश्चय योजनान्तर्गत जिले में जिला निबंधन –सह– परामर्श केन्द्र के निर्माण हेतु भूमि उपलब्ध कराने का निदेश प्राप्त हुआ है। इस संबंध में अंचल अधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 1394 दिनांक 13.12.2016 से प्राप्त प्रतिवेदन के अनुसार भूमि का ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

| अंचल का नाम | मौजा/थाना | खाता | खेसरा | रकवा | किस्म | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| शेखपुरा | शेखपुरा/176 | 110<br>371<br>429<br>3<br>234<br>413<br>35 | 560<br>561<br>562<br>564<br>565<br>568<br>569 | (235′ X 190′)<br>1.02 ए0 | जिला कृषि फार्म के नाम पूर्व से अधिग्रहित भूमि है। | उ0– नवोदय विद्यालय का चहार दीवारी<br>द0– कृषि भवन एवं परती जमीन<br>पू0– कृषि भवन का चहार दीवारी<br>प0– कृषि भवन एवं परती जमीन |

प्रतिवेदन के अनुसार जिला कृषि फार्म के नाम 3.00 ए0 अधिग्रहीत भूमि है। इसका अंश भाग (1.02ए0) जिला निबंधन –सह– परामर्श केन्द्र के निमित्त सर्वसम्मति से अनुमोदित किया गया।

उल्लेखनीय है कि इस भू–खंड के चयन पर कृषि निदेशालय/कृषि निदेशक, बिहार पटना के पत्रांक 3645 दिनांक 29.08.16 से अनापत्ति/सहमति प्राप्त हो चुकी है।

3. **पारा मेडिकल संस्थान, शेखपुरा** :– दिनांक 19.08.2016 को आयोजित जिला स्थल चयन समिति की बैठक (कार्यवाही ज्ञापांक 793/रा0 दिनांक 19.08.2016) में स्वास्थ्य उपकेन्द्र, औधे के परिसर में पारा मेडिकल संस्थान के निर्माण के लिए सहमति प्रदान की गई थी परन्तु महाप्रबंधक (परि0 निरू0) बी0एम0एस0आई0सी0एल0, पटना के पत्रांक 1000 दिनांक 27.06.2017 के द्वारा स्वास्थ्य उपकेन्द्र, औधे स्थित प्रस्तावित भू–खंड को वांछित क्षेत्रफल का

रहने के कारण उक्त संस्थान के निर्माण के लिए अनुपयुक्त मानते हुए अन्यत्र भू–खंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया।

अतः दिनांक 19.08.2016 के स्थल चयन समिति की बैठक के प्रस्ताव संख्या–02 को रद्द करते हुए इस संबंध में अंचल अधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 810 दिनांक 01.07.2017 से प्राप्त निम्नांकित ब्यौरे के भू–खंड पर पारा मेडिकल संस्थान के निर्माण के लिए "जिला स्थल चयन समिति" सर्वसम्मति से सहमति प्रदान करती है :–

| अंचल का नाम | मौजा | थाना | खाता | खेसरा | कुल रकवा | प्रस्तावित रकवा | किस्म | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शेखपुरा | मकदुमपुर | 174 | 58<br>23<br>13 | 127<br>131<br>132 | 0.91 ए0<br>0.11 ए0<br>0.10 ए0<br>1.12 ए0 | 0.59 ए0 | अंचल अधिकारी, शेखपुरा के प्रतिवेदनानुसार यह भूमि प्रखंड परिसर में अवस्थित है जिसे अधिग्रहित किया गया है। | प्रतिवेदन के अनुसार वर्त्तमान में प्रस्तावित 0.59 ए0 भू–खंड पर प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का क्वाटर (आवास) बना हुआ है जो जीर्ण–शीर्ण एवं क्षतिग्रस्त अवस्था में है।<br>कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा के ज्ञापांक 557 दिनांक 20.07.2017 से इसे परित्यक्त (कंडम) प्रतिवेदित/घोषित किया गया है। अतः क्षतिग्रस्त क्वाटरों को तोड़कर उसी भू–खंड पर पारा मेडिकल संस्थान बनाया जा सकता है। |

4. जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा :– उद्योग निदेशक, बिहार पटना के पत्रांक 3895, दिनांक 27.10.2016 से प्राप्त अधियाचना से जिला उद्योग केन्द्र, शेखपुरा के कार्यालय भवन हेतु भू–खंड उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। इस संबंध में अंचल अधिकारी, शेखपुरा के पत्रांक 809, दिनांक 01.07.2017 से प्राप्त निम्नांकित ब्योरे की भूमि पर जिला उद्योग केन्द्र के कार्यालय के निर्माण हेतु जिला स्थल चयन समिति सर्वसम्मति से सहमति प्रदान करती है।

| अंचल का नाम | मौजा | थाना | खाता | खेसरा | प्रस्तावित रकवा | किस्म | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शेखपुरा | मकदुमपुर | 174 | 33<br>107 | 152<br>154 | 13 डी० | प्रतिवेदन के अनुसार यह भूमि खतियान में रैयती है, जिसका एन0ई0एस0 प्रखंड कार्यालय, शेखपुरा के नाम पर भू–अर्जन किया गया है। | वर्त्तमान में प्रस्तावित भू–खंड के कुछ भाग में सरकारी आवास बना है जो जीर्ण शीर्ण अवस्था में है।<br>कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, शेखपुरा के ज्ञापांक 557 दिनांक 20.07.17 से इसे परित्यक्त (कंडम) प्रतिवेदित/ घोषित किया गया है। अतः क्षतिग्रस्त क्वाटरों को तोड़कर उसी भू–खंड पर जिला उद्योग केन्द्र का कार्यालय बनाया जा सकता है। |

5. राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, शेखपुरा :– जिला कल्याण पदाधिकारी, शेखपुरा के अधियाचना ज्ञापांक 471 दिनांक 23.05.2017 के आलोक में राजकीय अनुसूचित जाति आवासीय बालिका उच्च विद्यालय, शेखपुरा के निर्माण के लिए 3.00 ए0 जमीन उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है। यह भी उल्लेख किया गया है कि अंचल अधिकारी, शेखपुरा के साथ उनके द्वारा सुरदासपुर ग्राम के निकट जमीन का मुआयना किया गया है और इस विद्यालय निर्माण हेतु उक्त भूमि का प्रस्ताव भेजा जा सकता है। इस संबंध में अंचल अधिकारी, शेखपुरा के प्रतिवेदन पत्रांक 806 दिनांक 01.07.2017 से प्राप्त भूमि का ब्यौरा निम्न प्रकार है :–

| अंचल का नाम | मौजा | थाना | खाता | खेसरा | प्रस्तावित रकवा | किस्म | चौहद्दी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| शेखपुरा | सुरदासपुर | 152 | 132 | 527 | 2.61 ए0 | गैरमजरूआ मालिक पहाड़ | उ0– सीमाना वाजीदपुर<br>द0– अंश भाग पहाड़<br>पू0– सामुदायिक भवन व पहाड़<br>प0– रास्ता व खेसरा नं0–410 |

नोट – यह जमीन वर्त्तमान में गढ्ढा है, जिसपर निर्माण कार्य किया जा सकता है।